# जल जीवन मिशन सम्बन्धी कार्यों तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की मासिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

उपरोक्त विषयक दिनांक 29.12.2025 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय, मथुरा द्वारा जल जीवन मिशन सम्बन्धी कार्यों तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की मासिक समीक्षा की गई। बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/अभियन्ताओं/फर्म प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. श्री राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, मथुरा।
2. श्री दिनेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मथुरा– (सदस्य सचिव)
3. श्री अजय कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग–1, मथुरा।
4. श्री गुलवीर सिंह, अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, मथुरा।
5. श्री भूपेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), मथुरा।
6. श्री अशोक कुमार ठाकुर, पी0एम0 पैकेज–I, एन0सी0सी0 – एपको (जे0वी0), मथुरा।
7. श्री नीतेश झा, क्वालिटी इन्चार्ज, पैकेज–I एवं II, एन0सी0सी0 – एपको (जे0वी0), मथुरा।
8. श्री मोहित कुमार, पी0एम0, जी0ए0 इन्फ्रा प्रा0लि0, जयपुर, राजस्थान।
9. श्री मोहित सिंह जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, मेधज टैक्नो कॉन्सेप्ट, मथुरा।
10. श्री सुमित वर्मा, क्यू0ए0क्यू0सी0, मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा क्लस्टर, मथुरा।

समीक्षा के दौरान सर्वप्रथम अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा पिछली बैठक की अनुपालन आख्या एवं वर्तमान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद मथुरा में सतही स्त्रोत आधारित पेयजल योजनाओं के कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया, कार्यों की प्रगति रिपोर्ट निम्नानुसार है –

**पैकेज–01 की प्रगति**

| S.N. | Activity Name | Duration | QTY | Progress as per timeline (Dated 29.12.2025) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achievement |
| 1 | Supply of MS pipes | TARGET | 55.900 KM | 100% | 90% |
| | | ACHIEVEMENT | 52.50 KM | | |
| 2 | Supply of DI pipes | TARGET | 1178 KM | 100% | 80% |
| | | ACHIEVEMENT | 935 KM | | |
| 3 | Sedimentation tank at Palra (23000KL) | TARGET | 1 Nos | 100% | 95% |
| | | ACHIEVEMENT | WIP | | |
| 4 | Water Treatment Plant( 188.50 MLD) | TARGET | 1 Nos | 100% | 38% |
| | | ACHIEVEMENT | WIP | | |
| 5 | Clear water Reservior & Pump House | TARGET | 8 Nos | 100% | 35% |
| | | ACHIEVEMENT | 7 -WIP | | |
| 6 | Laying , Joiniting , Testing & Road Restoration work for Clear Water Rising Mains | TARGET | 1178 KM | 100% | 52% |
| | | ACHIEVEMENT | 610 KM | | |
| 7 | Laying , Joiniting , Testing & Road Restoration work for Gravity MS Pipe | TARGET | 55.90 KM | 100% | 9.10% |
| | | ACHIEVEMENT | 5.10 KM | | |

**पैकेज–02 की प्रगति**

| S.N. | Activity Name | Duration | QTY | Progress as per timeline (Dated 29.12.2025) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achievement |
| 1 | Construction of Over Head Tanks along with RTU Room | TARGET | 214 | 100% | 35% |
| | | ACHIEVEMENT (WIP) | 181 | | |
| 2 | Distribution System & Related work | TARGET | 4566 | 90% | 62% |
| | | ACHIEVEMENT | 2832 | | |

- बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा ग्रामों में पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु तोड़ी गई सड़कों की पुर्नस्थापना सम्बन्धी कार्यों की धीमी प्रगति होने के कारण नाराजगी व्यक्त की गई एवं फर्म के प्रोजेक्ट मैंनेजर को उक्त कार्य हेतु श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया गया, जिस पर प्रोजेक्ट मैंनेजर द्वारा सड़क पुर्नस्थापना के कार्यों पर श्रमिकों की संख्या बढ़ाये जाने का आश्वासन दिया गया।
- पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु खोदी गई Trenches व सड़कों को शीतकालीन कोहरे के दृष्टिगत तत्काल सही कराये जाने के निर्देश दिए गये, जिससे कि किसी भी प्रकार की जनहानि न होने पाए।
- पूर्व में दिए गये 55 नग क्लस्टरों में समस्त कार्य मुख्य व ब्रान्च पाइप लाइन को बिछाते हुए तथा हाइड्रो टेस्टिंग के साथ पूर्ण करा लिए जाएं जिससे कि डब्लू0टी0पी0 के माध्यम से एक हिस्से को जलापूर्ति की जा सके।
- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ के पत्र संख्या 2587 / JJM Letter / 2025-26 / Tech-20, दिनांक 12 नवम्बर 2025 एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र दिनांक 16.10.2025 द्वारा यह अवगत कराया गया है कि जिन पाइप पेयजल योजनाओं की अनुमानित पूर्णता तिथि (Expected Date of Completion- EDC) समाप्त हो चुकी है, परंतु उनकी भौतिक एवं वित्तीय प्रगति अभी पूर्ण नहीं हुई है, ऐसी योजनाओं की EDC में संशोधन/विस्तार किया जा सकता है, साथ ही पत्र में यह भी उल्लेखित है कि माननीय वित्त मंत्री भारत सरकार के बजट भाषण–2025 के अनुसार जल जीवन मिशन की अवधि वर्ष 2028 तक बढ़ा दी गई है, जिसके क्रम में भारत सरकार द्वारा JJM-IMIS पोर्टल पर समय–सीमा विस्तार (Extention of Time -EoT) की अपेक्षा की गई है। अतः पत्र के माध्यम से सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जिन योजनाओं की EDC JJM-IMIS पोर्टल पर समाप्त हो चुकी है, उनकी नई/संशोधित अनुमानित पूर्णता तिथि (Revised EDC) को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) के माध्यम से संलग्न प्रारूप में तैयार कर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा निर्धारित तिथि तक संशोधित EDC उपलब्ध न होने की स्थिति में ऐसी योजनाओं का भुगतान रोक दिया जाएगा। बैठक में प्रस्तुत किये गये समय विस्तार सम्बन्धी आवेदन पर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा विचार–विमर्श किया गया। सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि, प्रस्तुत किए गये समय विस्तार सम्बन्धी आवेदन को इस मन्तव्य के साथ राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को अग्रिम निर्णय हेतु प्रेषित किया जाए कि समय विस्तार की स्वीकृति प्रदान किए जाने हेतु समिति द्वारा पूर्व में कार्यों की धीमी प्रगति एवं कार्यों में विलम्ब के कारण लिक्विडिटी डेमेज अरोपित किये जाने हेतु प्रेषित किए गये पत्रों को संज्ञान में लिया जाए।
- मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा जनपद में पूर्व निर्मित जर्जर अवर जलाशयों को गिराये जाने की समीक्षा की गई एवं निर्देश दिए गये कि आगामी बैठकों में उक्त की समीक्षा हेतु वेन्डर को बुलाया जाए एवं अद्यतन प्रगति भी प्रस्तुत की जाए।
- पैकेज–। व पैकेज–।। के अन्तर्गत निर्माण कार्यो में लगे हुए श्रमिकों का रजिस्ट्रेशन श्रम विभाग में कराये जाने के निर्देश प्रोजेक्ट मैंनेजर को दिए गये।
- कार्यो की समीक्षा के दौरान सितम्बर माह से लम्बित ग्राम जोनई के अवर जलाशय की एन0सी0आर0 15 दिवस में क्लोज कराये जाने के निर्देश दिए गये।

- अवर जलाशय के कॉलम की सरिया अराजक तत्वों द्वारा काट लिए जाने के कारण रीवारिंग करने का अनुरोध फर्म द्वारा किया गया, जिस पर बैठक में निर्देश दिए गये कि उक्त की रीवारिंग करते हुए रीवारिंग का परीक्षण करा लिया जाए व रिपोर्ट आगामी बैठक में प्रस्तुत की जाए।
- मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा कार्यो की गुणवत्ता निगरानी में लगी हुई टी0पी0आई0 के इन्जीनियरों की संख्या कम हो जाने के फलस्वरूप उनके मध्य कार्यों के विभाजन सम्बन्धी कार्यों को अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे द्वारा चैक किये जाने के निर्देश दिए गये।
- अन्त में निर्देश दिए गये कि दोनों पैकेजों में निर्माणाधीन कार्यों पर समानान्तर कार्य करते हुए श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए प्रगति बढ़ा ली जाए।

अनुमोदित

Digitally signed by MANISH MEENA
Date: 21-01-2026 13:59:19

मुख्य विकास अधिकारी
मथुरा

Digitally signed by Dinesh Kumar
Date: 12-01-2026 12:03:21

अधिशासी अभियन्ता
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
मथुरा।

पत्रांक / जल जीवन मिशन / दिनांक

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय मथुरा।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय मथुरा।
3. अपर जिलाधिकारी महोदय, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, मथुरा।
4. मुख्य अभियन्ता(आ0क्षे0)/अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय/अधिशासी अभियन्ता (वि0यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

5. जिला पंचायतराज अधिकारी, मथुरा को इस आशय से प्रेषित कि बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा दिए गये निर्देशों के अनुपालन हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करें।
6. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इन्जीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन0सी0–एपको (जे0वी0) (पैकेज– I एवं II), मथुरा को इस निर्देश के साथ कि अनुपालन आख्या 03 दिवस में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
8. डी0पी0एम0 मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा कलस्टर, मथुरा/जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 (मेधज टैक्नॉ, प्रा0लि0) मथुरा/जनपद मथुरा में कार्यरत आई0एस0ए0 संस्थाएं।

अधिशासी अभियन्ता